Downloaded from www.studiestoday.com

# दिल्ली पब्लिक स्कूल

## बोकारो इस्पात नगर

**सत्र – 2013 – 2014**

कक्षा – 7 | विषय–हिन्दी | नियत कार्य–3

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –

दक्षिण अफ्रीका में जहाँ वकीलों और दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पढ़े युवकों के अक्षर मोतियों जैसे जब मैंने देखे, तब तो मैं बहुत लजाया बौर पछताया। मैंने तब समझा कि लेख का सुलेख न होना अधूरी शिक्षा की निशानी है। मैंने बाद में अपना लेख सुधारने का प्रयास किया, परंतु पक्के घड़े पर मिट्‌टी कब चढ़ सकती है ? जिस बात की अवहेलना मैंने बचपन में की, उसे मैं आज तक भी न सुधार सका। प्रत्येक छात्र और छात्रा को चाहिए कि वे मेरे उदाहरण को देखकर सोचें और समझें कि सुलेख शिक्षा का आवश्यक अंग है। लेख सुधारने के लिए यदि मानव आलेखन कला सीखकर चित्र इत्यादि बनाना सीख जाता है, तब यदि अक्षर लिखना सीखे, उसके अक्षर अच्छे बन सकते हैं।

संस्कृत मुझे रेखागणित से भी अधिक कठिन जान पड़ी क्योंकि रेखागणित में रटने की कोई बात न थी, परंतु संस्कृत में मेरी दृष्टि में सब रटना था।

(i) लेखक को पछतावा हुआ –
(क) वकीलों को देखकर
(ख) दक्षिण अफ्रीका में जन्मे युवकों को देखकर
(ग) वकीलों और युवकों के मोती जैसे अक्षर देखकर
(घ) दक्षिण अफ्रीका देखकर

(ii) अधूरी शिक्षा की निशानी है –
(क) लेख अच्छा न होना (ख) कम पढ़ा–लिखा होना (ग) कम समझ होना (घ) कोई नहीं

(iii) सभी छात्रों को यह समझना चाहिए कि –
(क) सुलेख शिक्षा का आवश्यक अंग नहीं है
(ख) सुलेख का शिक्षा से कोई संबंध नहीं है
(ग) सुलेख शिक्षा का आवश्यक अंग है
(घ) शिक्षा में चित्र की आवश्यकता नहीं पड़ती

(iv) 'इत्यादि' शब्द का संधि–विच्छेद है –
(क) इति + यदि (ख) इत्य + आदि (ग) इति + आदि (घ) इत्य + आदि

(v) प्रस्तुत अवतरण का उचित शीर्षक होना चाहिए ––
(क) सुलेख (ख) लेख (ग) संस्कृत (घ) रेखागणित

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–

मैत्री की राह बताने को, सबको सुमार्ग पर लाने को,
दुर्योधन को समझाने को, भीषण विध्वंस बचाने को,
भगवान हस्तिनापुर आए, पांडव का संदेशा लाए
''दो न्याय अगर तो आधा दो, पर इसमें भी यदि बाधा हो,
तो दे दो केवल पाँच ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम,
हम वहीं खुशी से खाएँगे, परिजन पर असि न उठाएँगे।''
दुर्योधन वह भी दे न सका, आशीष समाज का ले न सका
उलटे हरि को बाँधने चला, जो था असाध्य साधने चला,

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवके मर जाता है।

(i) श्रीकृष्ण हस्तिनापुर पहुँचे –

(क) सभी को मित्रता एवं सद्मार्ग पर लाने के लिए (ख) दुर्योधन को समझाने के लिए

(ग) भीषण विध्वंस रोकने के लिए (घ) उपरोक्त सभी

(ii) श्रीकृष्ण ने पांडवों का संदेश दिया कि –

(क) हमें आधा राज्य चाहिए

(ख) हमें केवल पाँच गाँव चाहिए

(ग) न्याय के अनुसार आधा किंतु वह भी न दे सको तो केवल पाँच गाँव चाहिए

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) 'मैत्री' का समानार्थी शब्द है –

(क) शांति (ख) समृद्धि (ग) सुख (घ) मित्रता

(iv) 'आशीष' का विलोम शब्द है –

(क) आशीर्वाद (ख) शाप (ग) वरदान (घ) विनाश

(v) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक होना चाहिए –

(क) मैत्री की राह (ख) दे दो केवल पाँच ग्राम

(ग) जब नाश मनुज पर छाता है (घ) हरि को बाँधने चला

3. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती, भोर भयो है, घर–घर खुले किंवारे ।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे ।।
उठो लालजी ! भोर भयो है, सुर–नर ठाढ़े द्वारे ।
ग्वाल–बाल सब करत कुलाहल, जय–जय सबद उचारै ।।
माखन–रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै ।।

(क) इस पद में यशोदा अपने प्रिय को क्या कह कर जगा रही हैं ?

(ख) मीरा ने कैसे जाना कि गोपियाँ दही मथ रही हैं ?

(ग) इस पद में 'गउवन के रखवारे' का क्या अर्थ है ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) लेखिका को नीलकंठ की कौन–सी चेष्टाएँ भाती थी ?

(ख) खानपान में आए बदलावों को लेकर लेखक चिंतित क्यों हैं ?

(ग) आप कैसे कह सकते हैं कि कुँवर सिंह साहसी और सच्चे देशभक्त थे ?

(घ) धनराज पिल्लै को अपनी माँ से क्या सीख मिली ?

(ङ) गांधी जी पेशेवर कारीगरों के उपयोग में आनेवाले औजार – छेनी, हथौड़े, बसूले इत्यादि क्यों खरीदना चाहते थे ?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

5. निर्देशानुसार उत्तर दें –
   - (क) श्रवण कुमार अपने माता– पिता के लिए ...................................... थे ।( उचित मुहावरे से वाक्य पूरा करें )
   - (ख) जीवन में सुख दुख तो चलता ही रहता है ( उचित विराम– चिह्नों का प्रयोग कीजिए )
   - (ग) मुझे केवल मात्र दस रुपये चाहिए ।( वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए )
   - (घ) ........................ तुम्हें हर सुख मिले ।( उचित विस्मादिबोधक शब्द द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

6. निर्देशानुसार उत्तर दें–
   - (क) लता तुम सोना चाहती हो ................ खेलना चाहती हो ? ( उचित समुच्चयबोधक शब्द भरिए )
   - (ख) पुस्तकालय ( संधि–विच्छेद करें )
   - (ग) अंबर ; अंबार ( इनके अलग– अलग अर्थ बताइए )
   - (घ) बच्चा बिस्तर से ................. गया ।( उचित क्रिया पद द्वारा वाक्य पूरा करें )

7. निर्देशानुसार उत्तर दें–
   - (क) विज्ञान ,दिन ( 'इक' प्रत्यय लगाकर एक– एक शब्द बनाइए )
   - (ख) 'अवशेष' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए ।
   - (ग) 'आई' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।
   - (घ) देश, चल ( उचित उपसर्ग लगाकर एक– एक शब्द बनाइए )

8. निर्देशानुसार उत्तर दें –
   - (क) दवाईयाँ, पूज्यनीय ( शुद्ध रूप लिखिए )
   - (ख) बच्चे स्कूल जाते हैं । (वाक्य में प्रयुक्त किया के काल का नाम बताइए )
   - (ग) रोग, भारत ( विशेषण शब्द बनाएँ )
   - (घ) राखी बहुत खाँस रही है । ( क्रिया –विशेषण शब्द छाँटकर उसके भेद का नाम लिखिए )

9. निर्देशानुसार उत्तर दें –
   - (क) इस साल सूखा पड़ा है ––––––––– फसल सूख गई है । (समुच्चयबोधक शब्द से वाक्य पूरा करें )
   - (ख) गायों के संग कृष्ण वन में जाते थे । ( संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए )
   - (ग) पावन पुत्र हनुमान की जय हो । (सही शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखिए )
   - (घ) आँख लगना, सिर धुनना ( अर्थ बताइए )

––––––––––––––0––––––––––––––

Downloaded from www.studiestoday.com